पंजाब केसरी 17/08/2025



जी.एम.एन. कॉलेज में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में एन.सी.सी. कैडेट्स को प्रोत्साहित करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त। (चंद्रमोहन)

# देश का युवा विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा : डा. रोहित दत्त

अम्बाला, 16 अगस्त (बलराम): छावनी के जी.एम.एन. कॉलेज में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ध्वजारोहण करने के बाद अपने संबोधन में प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने विश्वासपूर्वक कहा कि देश का युवा विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। ध्वजारोहण के उपरांत एन.सी.सी. कैडेट्स ने एक अनुशासित और प्रभावशाली परेड का प्रदर्शन किया, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर जी.एम.एन. कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या डा. डॉली स्मिता एवं डा. वंदना गर्ग विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

डा. रोहित दत्त ने कहा कि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान की बदौलत आज हम स्वतंत्र हैं। हमें अपने कर्तव्यों का निष्ठा से पालन कर देश की उन्नति में योगदान देना चाहिए। उन्होंने कॉलेज की उल्लेखनीय उपलब्धियों से अवगत करवाते हुए कहा कि जी.एम.एन. कॉलेज न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता, बल्कि विद्यार्थियों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास पर भी विशेष ध्यान देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद रखने और राष्ट्र की प्रगति में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों तथा एन.सी.सी. कैडेट्स ने रैगिंग के खिलाफ रहने की शपथ भी ली, जिसकी अध्यक्षता डा. मंजीत कौर द्वारा की गई।